विभागीय कार्यवाही का जॉच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ। जॉच प्रतिवेदन में जॉच पदाधिकारी द्वारा श्री सिन्हा, कार्यपालक अभियन्ता के विरूद्व उक्त दोनों आरोपों को प्रमाणित पाया गया। विभागीय समीक्षा में भी उक्त दोनों आरोप प्रमाणित पाये गये तदुपरान्त सरकार द्वारा श्री सिन्हा, कार्यपालक अभियन्ता को उक्त प्रमाणित आरोपों के लिए सेवा से बर्खास्त किये जाने का निर्णय लिया गया। सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में विभागीय पत्र सं0–772 दिनांक 1.6.95 द्वारा श्री सिन्हा कार्यपालक अभियन्ता से द्वितीय कारण पृच्छा की गई जिसके उत्तर के लिए उन्हें एक पक्ष का समय सीमा निर्धारित किया गया। परन्तु अनेक स्मार के बाद द्वितीय कारण पृच्छा का उत्तर उनसे अप्राप्त रहा। पुनः इस मामले की समीक्षा विभाग एवं सरकार के स्तर पर हुई और कार्यपालक अभियन्ता के सेवा बर्खास्तगी के दण्ड को बहाल रखा गया।

श्री सिन्हा कार्यपालक अभियन्ता के सेवा बर्खास्तगी के दण्ड लागू करने के निमित नियमानुकूल प्रक्रिया के तहत विभागीय पत्र सं0–1435 दिनांक 6.5.97 द्वारा सेवा बर्खास्तगी दण्ड के प्रस्ताव को बिहार लोक सेवा आयोग की सहमति हेतु भेजा गया। बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा भलिभॉति विचारोपरान्त उनके पत्र सं0–6/प्री0–7–3/97–1610 दिनांक 20.11.97 द्वारा सेवा बर्खास्तगी के दण्ड के विभागीय प्रस्ताव में सहमति प्रदान की गई।

तदुपरान्त श्री सिन्हा कार्यपालक अभियन्ता के सेवा बर्खास्तगी के दण्ड के प्रस्ताव को संलेख के माध्यम से मंत्रिपरिषद की स्वीकृति हेतु भेजा गया। दिनांक 30.6.98 को मंत्रिपरिषद की बैठक में श्री सिन्हा कार्यपालक अभियन्ता की सेवा बर्खास्तगी के दण्ड के प्रस्ताव में स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार श्री सिन्हा, कार्यपालक अभियन्ता के सेवा बर्खास्तगी दण्ड के प्रस्ताव में बिहार लोक सेवा आयोग एवं मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त थी।

अतएव श्री सिन्हा कार्यपालक अभियन्ता, जल संसाधन विभाग को सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–2006 दिनांक 10.7.98 द्वारा सेवा से बर्खास्त किया गया।

उक्त बर्खास्तगी आदेश के विरूद्व श्री लक्ष्मी नारायण सिन्हा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–10828/98 दायर किया गया जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 27.11.08 को न्याय निर्णय पारित किया गया। उक्त न्याय निर्णय के द्वारा विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–2006 दिनांक 10.7.98 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

अतएव माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित उक्त न्याय निर्णय के आलोक में विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक 2006 दिनांक 10.7.98 को निरस्त किया जाता है। परन्तु श्री लक्ष्मी नारायण सिन्हा के पूर्व के वेतनादि का भुगतान उनके विरूद्व प्रारम्भ की जाने वाली विभागीय कार्यवाही के फलाफल पर निर्भर करेगा ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

13 फरवरी 2009

सं० 22/नि0सि0(भाग0)–09–08/07/62––श्री विश्वनाथ प्रसाद सिन्हा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाईप्रमण्डल, सिकन्दरा से उनके उक्त पदस्थापन अवधि वर्ष 2007–08 के दौरान लोअर क्यूल वैली योजना के बाये नहर प्रणाली के गरसंडा वितरणी में सही ठंग से मेजरमेन्ट नहीं लेने एवं संबंधित अधीक्षण अभियन्ता के आदेश के विपरीत संयुक्त लेभल लेने, नियंत्री पदाधिकारी के आदेश का उल्लंधन करने, 1.49 करोड़ रूपये का चेक प्रमण्डल का प्रभार सौपने के बाद बैक डेट में हस्ताक्षारित करने आदि अनियमितताओं के लिए विभागीय अधिसूचना सं0–1075 दिनांक 21.11.07 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक–1099 दिनांक 3.12.07 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–17 के तहत विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

2. विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त श्री सिन्हा के विरूद्व आर0 एस0 वी0 वाई0 योजनान्तर्गत विभागीय स्वीकृति के बिना लोअर क्यूल वैली योजना के बाये नहर प्रणाली में योजनाओं का कार्य कराने का आरोप प्रमाणित पाया गया। फलस्वरूप सरकार द्वारा श्री सिन्हा को निलंबन से मुक्त करते हुए निम्नांकित दण्ड देने का निर्णय लिया गयाः–

(क) एक वेतन वृद्वि पर संचयात्मक प्रभाव से रोक।

(ख) निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता के अतिरिक्त कुछ भी देय नहीं होगा परन्तु उक्त अवधि की गणना पेंशनादि के लिए की जायेगी ।

उक्त निर्णय श्री विश्वनाथ प्रसाद सिन्हा तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, सिचाई प्रमण्डल, सिकन्दरा को संसूचित किया जाता है एवं उन्हें निदेश दिया जाता है कि वे मुख्यालय में अपना योगदान समर्पित करें। यह आदेश निर्गत होने की तिथि से लागू होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

13 फरवरी 2009

सं० 22/नि0सि0(विभा0)–14–103/88 खण्ड/63––श्री केदार प्रसाद केशरी तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता सम्प्रति सेवानिवृत दुर्गावर्ती बायॉ तट नहर प्रमण्डल, भीतरी बॉध द्वारा उक्त पदस्थापन अवधि में विविध कार्यो के भुगतान हेतु बैंक से 14,10,475/– रूपये की निकासी कर अपने अधीनस्थ अवर प्रमण्डलीय पदाधिकारी को अस्थायी अग्रिम के रूप में बाट देने के आरोप के लिए उन्हें निलंबित कर असैनिक सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया । तदनुसार श्री केशरी को विभागीय अधिसूचना सं0–51 दिनांक 24.8.95 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1463 दिनांक 12.9.95 द्वारा विभागीय कार्यवाही चलायी गयी। अपरिहार्य कारणवश श्री केशरी के सेवाकाल में विभागीय कार्यवाही का निष्पादन नहीं हो सका तथा वे दिनांक 31.5.2000 को सेवानिवृत हो गये। अतः सरकार द्वारा विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी के अन्तर्गत जारी रखा गया। विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप मुक्त करने के अनुशंसा की गयी तथा अंकित किया गया था कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा जो भी व्यय किये गये है वह स्वीकृत प्राक्कलित राशि के अन्तर्गत है। समर्पित जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार स्तर पर की गयी। सरकार ने समीक्षोपरान्त जॉच पदाधिकारी के मत से असहमत होते हुए 11.88 लाख रूपये

जिसका कैश बुक एवं एम0बी0 उपलब्ध है, में 8.96 लाख रूपये हस्त रसीद के माध्यम से खर्च किये जाने के विन्दु पर विभागीय पत्रांक 2092 दिनांक 19.11.2001 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी तथा द्वितीय कारण पृच्छा के क्रम में दिये गये जबाव की समीक्षोपरान्त 8.96 लाख रूपये हस्त रसीद के माध्यम से खर्च किये जाने के आरोप के लिए विभागीय आदेश सं.–39 सह पठित ज्ञापांक– 171 दिनांक 20.2.2002 द्वारा निम्न दण्ड संसूचित किया गयाः–

(1) बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के अन्तर्गत 75 प्रतिशत पेंशन पर एक वर्षो तक रोक एवं

(2) निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता के अतिरिक्त कुछ देय नहीं परन्तु उक्त अवधि की गणना पेंशन प्रयोजनार्थ की जायेगी एवं वेतनवृद्वि देय होगा।

उक्त विभागीय आदेश के विरूद्व श्री केशरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0सं0 30/05 केदार प्रसार केशरी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गयी जिसमें दिनांक 3.12.07 को पारित न्यायादेश में द्वितीय कारण पृच्छा एवं दण्डादेश को निरस्त करते हुए प्रतिवादी अगर चाहे तो तीन माह में पुनः विभागीय कार्यवाही चलाकर निष्पादित करने का निदेश दिया गया साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि उक्त निर्धारित अवधि के भीतर विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होती है, तो वह बन्द समझा जायेगा।

उक्त न्यायादेश जो सर्व प्रथम विभाग में दिनांक 7.1.08 को प्राप्त हुआ के समीक्षोपरान्त विधि विभाग को परामर्श हेतु दिनांक 21.1.08 को संचिका पृष्टांकित की गयी परन्तु विधि विभाग द्वारा संचिका दिनांक 25.1.08 को परामर्श के विन्दु गठित कर भेजने हेतु वापस की गई परामर्श के बिंदु गठित करते हुए विधि विभाग को पुनः संचिका दिनांक 31.1.08 को पृष्टांकित की गयी। विधि विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पुनः कार्यवाही की छुट के तहत पुनः कारवाई नियमानुसार करने के निदेश के साथ दिनांक 6.3.08 को वापस की गयी।

विधि विभाग के परामर्श के आलोक में विभागीय कार्यवाही विभागीय संकल्प 317 दिनांक 22.4.08 द्वारा प्रारम्भ की गयी। साथ ही न्यायादेश के आलोक में विभागीय अधिसूचना 926 दिनांक 19.11.08 द्वारा विभागीय आदेश 39 सह पठित ज्ञापांक–171 दिनांक 20.2.02 एवं विभागीय पत्रांक 2092 दिनांक 14.11.01 को निरस्त किया गया। विभागीय कार्यवाही की जॉच प्रतिवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में विभागीय पत्रांक–844 दिनांक 31.10.08 द्वारा संचालन पदाधिकारी को जॉच प्रतिवेदन अविलग्ब उपलबध कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा वादी श्री केशरी को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया जिसके क्रम में श्री केशरी ने दिनांक 15.11.08 को अभ्यावेदन समर्पित किया तथा इसी बीच श्री केशरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना में एम0 जे0 सी0...../08 भी दायर किया गया।

श्री केशरी द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के समीक्षा के क्रम में पाया गया किः–

(1) माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में वादी द्वारा दिनांक 7.1.08 को समर्पित न्यायादेश एवं अभ्यावेदन के आलोक में दिनांक 7.4.08 तक विभागीय कार्यवाही समाप्त हो जानी चाहिए थी परन्तु प्रक्रियात्मक विलंब के फलस्वरूप विभागीय कार्यवाही ही दिनांक 22.4.08 को प्रारम्भ की गयी जो न्यायालय के निर्धारित समय सीमा के बाहर है।

(2) माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी निदेशित किया है कि अगर तीन माह के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होती है तो वर्ष 1987–88 का आरोप होने के कारण विभागीय कार्यवाही बन्द समझा जायेगा और विभाग वादी के विरूद्व अग्रेतर कारवाई नहीं कर सकेगा।

(3) श्री केशरी के विरूद्व वित्तीय गबन से संबंधित आरोप नहीं है, बल्कि हस्त रसीद से राशि अग्रिम देने का मामला है, जो वित्तीय वर्ष में समायोजित भी हो गया है, के आधार पर संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप मुक्त करने का मंतव्य दिया गया था।

उपर्युक्त परिपेक्षय में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के निर्धारित समय के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होने में प्रक्रियात्मक विलंब के फलस्वरूप वादी श्री केशरी द्वारा दायर अवमाननावाद को ध्यान में रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुपालन में वादी (श्री केशरी) के विरूद्व विभागीय संकल्प ज्ञापांक 317 दिनांक 22.04.08 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के तहत प्रारम्भ की गयी विभागीय कार्यवाही को विभागीय अधिसूचना सं0–63 दि0–13.02.09 द्वारा समाप्त किया गया।

श्री केशरी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति सेवा निवृत द्वारा विभागीय अधिसूचना–63 दि0–13.02.09 के क्रम में दि0–03.03.09 को अभ्यावेदन समर्पित किया गया। समीक्षोपरान्त निर्णय लिया गया कि यद्वपि विभागीय अधिसूचना 926 दि0–19.11.08 द्वारा विभागीय दंडादेश 39 दि0–20.02.02 निरस्त किया जा चुका है तथा अधिसूचना सं0–63 दि0–13.02.09 द्वारा विभागीय कार्यवाही समाप्त की जा चुकी है, इसलिए विभागीय अधिसूचना सं0–51 दि0–24.08.95 जिसके द्वारा श्री केशरी को निलंबित किया गया था, को निरस्त करते हुए निलंबन अवधि का वेतन भुगतान किया जाए।

अतः उक्त निर्णय के आलोक में विभागीय अधिसूचना सं0–51 दि0–24.08.95 को निरस्त किया जाता है तथा श्री केदार प्रसाद केशरी तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति सेवानिवृत को निलंबन अवधि का पूर्ण वेतन देय होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

18 फरवरी 2009

सं० 22/नि0सि0(दर0)–16–106/99/66––श्री बटेश्वर शर्मा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, सिरसिया से उक्त प्रमण्डल, के अन्तर्गत वि0दु0–37.75 पर भुतही बलान नदी पर निर्मित सायफन के निर्माण कार्यो में बरती गई अनियमितता के लिए विभागीय पत्रांक–3392 दिनांक 3.12.94 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया। श्री शर्मा से प्राप्त स्पष्टीकरण की सम्यक समीक्षा सरकार के स्तर पर की गई, समीक्षोपरान्त श्रम मद में 7,12025–20 रूपया का अधिक भुगतान एवं लगभग 64,000/– रूपये का दोहरा भुगतान करने हेतु दोषी पाया गया। फलस्वरूप विभागीय अधिसूचना सं0–1094 दिनांक 17.6.95 द्वारा श्री शर्मा को दण्ड संसूचित किया गया।

श्री शर्मा द्वारा उक्त निर्गत दण्ड के विरूद्व माननीय उच्च न्यायालय पटना में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0–4999/95 दायर किया गया। उक्त दायर याचिका में दिनांक 30.11.95 को हुए फैसले के आलोक में अधिसूचना सं0–1094 दिनांक 17.6.95 द्वारा निर्गत दण्डादेश को विभागीय अधिसूचना सं0–2682 दिनांक 8.12.95 द्वारा निरस्त कर दिया गया । पुनः उक्त न्यायादेश में दिये गये निदेश के आलोक में ही सभी साक्ष्यों को देते हुए श्री शर्मा से विभागीय पत्रांक–2643 दिनांक 4.12.95 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गई। श्री शर्मा से प्राप्त स्पष्टीकरण के उतर की सम्यक समीक्षा सरकार के स्तर पर की गई। समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि श्री शर्मा को एकरारनामा में उल्लेखित मूल कार्य में मदों पर लेवर स्केलेशन मद में भुगतान करना था, लेकिन उन्होंने अतिरिक्त कार्य मदों पर भी अनियमित रूप से 7,12,025–20 का लेवर स्केलेशन मद में भुगतान किया, जिसके लिए श्री शर्मा अन्य दो पदाधिकारियों के साथ जिम्मेवार पाये गये। इन्होंने स्पष्टीकरण में यह बात भी स्वीकार किया है कि 64,000/– के दोहरा भुगतान का सामंजन बाढ़ में कर लिया गया अर्थात श्री शर्मा द्वारा 64,000/– का दोहरा भुगतान किया गया, दोहरे भुगतान में प्रक्रियात्मक भूल की गई जिसके लिए श्री शर्मा दोषी पाये गये। इस प्रकार उपरोक्त अनियमितताओं के लिए श्री शर्मा को दोषी पाते हुए विभागीय अधिसूचना सह ज्ञापांक–2823 दिनांक 26.12.95 द्वारा निम्नांकित दण्ड संसूचित किया गयाः–

(1) ''निन्दन'' जिसकी प्रविष्टि उनके चारित्री वर्ष 1987–88 में किया जाएगा।

(2) देय तिथि से तीन वर्षो तक प्रोन्नति पर रोक।

(3) 2,37,341/– रूपये की वसूली।

पुनः विभागीय अधिसूचना सं0–1446 दिनांक 18.7.96 द्वारा उपर्युक्त दण्डादेश की कंडिका (11) में अंकित दण्ड '' देय तिथि से तीन वर्षो तक प्रोन्नति पर रोक'' को संशोधित करते हुए '' देय तिथि से पॉच वर्षो तक प्रोन्नति पर रोक'' किया गया।

उक्त दण्डादेश के विरूद्व श्री शर्मा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0 डब्लू0 जे0 सी0 सं0 –694/96 दायर किया गया। उक्त याचिका की सुनबाई करते हुए न्यायालय द्वारा दिनांक 10.12.98 को पारित न्याय निर्णय में श्री शर्मा के याचिका को खारिज कर दिया गया। उक्त न्यायादेश के विरूद्व श्री शर्मा द्वारा एल0 पी0 ए0 सं0–233/99 दायर किया गया, जिसमें दिनांक 7.11.07 को न्याय निर्णय पारित करते हुए माननीय न्यायालय द्वारा विभागीय दण्डादेश एवं आरोप को निरस्त कर दिया गया।

एल0 पी0 ए0 में पारित उक्त न्यायादेश के विरूद्व विधि विभाग के परामर्श से विभाग द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एस0 एल0 पी0 (सिविल)...../08 (सी0 सी0–14349/08) दायर किया गया। माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा उक्त मामले की सुनवाई करते हुए दिनांक 5.12.08 को विभाग द्वारा दायर एस0 एल0 पी0 को खारीज कर दिया गया। तदुपरान्त मामले की सम्यक समीक्षा विभाग द्वारा की गई एवं एल0 पी0 ए0 सं0–233/99 में दिनांक 7.11.07 को पारित न्याय निर्णय का अनुपालन करने का निर्णय लिया गया है।

तदनुसार श्री शर्मा से संबंधित विभागीय दण्डादेश अधिसूचना सं0–2823 दिनांक 26.12.95 एवं अधिसूचना सं0–1446 दिनांक 18.7.96 को उनके विरूद्व गठित आरोप पत्र सहित निरस्त किया जाता है।

उक्त विभागीय निर्णय श्री बटेश्वर शर्मा को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव।

---

4 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0/(वीर0)–7–13/2004/112––श्री राजीव नन्दन मौर्य, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, पूर्वी तटबंध प्रमण्डल, वीरपुर के विरूद्व उनके पदस्थापन की अवधि में बेतार संवाद सं0–346 दिनांक 21.9.04 द्वारा सीधे विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को उक्त प्रमण्डल में पदस्थापित दो कनीय अभियन्ता सर्वश्री कमलेश्वरी सिंह एवं श्री महेन्द्र शर्मा को दो दिनों की अनुपस्थिति के लिए निलंबन एवं नियम–55 के तहत विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा तथा निलंबन अवधि में इन दोनों का मुख्यालय पूर्वी कोशी तटबंध प्रमण्डल, वीरपुर की अनुशंसा करने, कार्यपालक अभियन्ता के स्तर से ही श्री कमलेश्वरी सिंह एवं श्री महेन्द्र शर्मा, कनीय अभियन्ता को दण्ड संसूचित करने दोनों कनीय अभियन्ताओं का वेतन बिना विभागीय अनुमति के अवरूद्व करने आदि कतिपय आरोपों के लिए

बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–17 के तहत विभागीय संकल्प सं0–1280 दिनांक 11.12.06 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

जॉच पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा विभाग द्वारा की गई। जॉच पदाधिकारी द्वारा दिये गये मंतव्य में कहा गया है कि श्री मौर्य को इस तरह की कारवाई अपने उच्चाधिकारी को विश्वास में रखकर ही करना चाहिये था तथा विभागीय मंत्री महोदय के आप्त सचिव को सीधे पत्राचार कर श्री मौर्य ने गलती की है।

अतः सम्यक विचारोपरान्त श्री राजीव नन्दन मौर्य, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता को निम्न दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय लिया गयाः–

(1) चेतावनी

(2) एक वेतनवृद्वि पर असंचयात्मक प्रभाव से रोक।

उक्त निर्णय श्री राजीव नन्दन मौर्य, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव।

---

4 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0/(सिवान)–11–10/2006/113––श्री सुनील कुमार वैश्य तत्कालीन सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, ठकराहा, शि0–गोपालगंज से उक्त प्रमण्डल के अधीन बाढ़ 2006 के पूर्व एजेण्डा सं0–84/44 के तहत पतहरा छरकी के कि0 मी0 0.50 से 1.70 कि0 मी0 तक पुर्नस्थापन कार्य में गड़बड़ी के संबंध में उडनदस्ता अंचल से जॉच करायी गयी। उडनदस्ता अंचल से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षा विभागीय स्तर पर हुई। समीक्षोपरान्त कतिपय अनियमितताओं के लिए श्री वैश्य प्रथम द्रष्टया दोषी पाये गये। उड़नदस्ता अंचल से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पत्रांक–1246 दिनांक 7.12.2006 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण किया गया।

श्री वैश्य से प्राप्त स्पष्टीकरण के जबाब की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री वैश्य के स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए दोषमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय श्री वैश्य, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, ठकराहा, शि0 गोपालगंज को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव।

---

4 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0/(सिवान)–11–10/2006/114––श्री नरेन्द्र कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, ठकराहा, शि0–गोपालगंज से उक्त प्रमण्डल के अधीन बाढ़ 2006 के पूर्व एजेण्डा सं0–84/44 के तहत पतहरा छरकी के कि0 मी0 0.50 से 1.70 कि0 मी0 तक पुर्नस्थापन कार्य में गड़बड़ी के संबंध में उडनदस्ता अंचल से जॉच करायी गयी। उडनदस्ता अंचल से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षा विभागीय स्तर पर हुई। समीक्षोपरान्त कतिपय अनियमितताओं के लिए श्री कुमार प्रथम द्रष्टया दोषी पाये गये। उड़नदस्ता अंचल से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय पत्रांक–1246 दिनांक 7.12.2006 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण किया गया।

श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के जबाब की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री कुमार के स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए दोषमुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय श्री कुमार, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, बाढ़ नियंत्रण प्रमण्डल, ठकराहा, शि0 गोपालगंज को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव।

4 मार्च 2009

सं० 22/नि0सि0(पट0)–03–01/09/115––श्री विजय कुमार सिन्हा, आई0 डी0–2271 सहायक अभियन्ता, गंगा सोन बाढ़ सुरक्षा प्रमण्डल, दीधा, पटना प्रतिनियुक्त कुसहा तटबंध, जो निगरानी थाना कांड सं0– 015/2009 के प्राथमिकी अभियुक्त है तथा जिन्हें निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के गठित जॉच दल द्वारा 3,12,632/– (तीन लाख बारह हजार छः सौ बतीस रूपये मात्र) नगद अवैध राशि के साथ दिनांक 20.2.2009 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, को विभाग द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 के तहत निलंबित करने तथा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–17 के अन्तर्गत विभागीय कारवाई चलाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त विभागीय निर्णय के आलोक में श्री सिन्हा को दिनांक 20.2.2009 के प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2. न्यायिक हिरासत से छूटने के उपरान्त श्री सिन्हा का मुख्यालय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, केन्द्रीय रूपांकण संगठन, जल संसाधन विभाग, पटना निर्धारित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री सिन्हा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4. विभागीय कार्यवाही का संकल्प अलग से निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

23 मार्च 2009

सं० 22/नि0सि0(दर0)–16–04/09/177––श्री कामेश्वर नाथ सिंह, कार्यपालक अभियन्ता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमण्डल, खुटौना आई0 डी0 –1787 प्रतिनियुक्त कुसहा तटबंध जो निगरानी थाना कांड सं0–014/2009 के प्राथमिकी अभियुक्त है तथा जिन्हें निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के गठित जॉच दल द्वारा 8,20,000/– (आठ लाख बीस हजार रूपये) नगद अवैध राशि के साथ दिनांक 20.2.09 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है, को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत निलंबित कर विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया है।

उक्त विभागीय निर्णय के आलोक में श्री सिंह को दिनांक 20.2.09 के प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

2– न्यायिक हिरासत से छुटने के उपरान्त श्री सिंह का मुख्यालय मुख्य अभियन्ता का कार्यालय, केन्द्रीय रूपांकण संगठन, जल संसाधन विभाग, अनीसाबाद, पटना निर्धारित किया जाता है।

3– निलंबन अवधि में श्री सिंह को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

4– विभागीय कार्यवाही का संकल्प अलग से निर्गत किया जा रहा है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव ।

---

23 मार्च 2009

सं० 22/नि0सि0(विभा0)–14–103/88 खण्ड/178––श्री केदार प्रसाद केशरी तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता सम्प्रति सेवानिवृत दुर्गावर्ती बायॉ तट नहर प्रमण्डल, भीतरी बॉध द्वारा उक्त पदस्थापन अवधि में विविध कार्यो के भुगतान हेतु बैंक से 14,10,475/– रूपये की निकासी कर अपने अधीनस्थ अवर प्रमण्डलीय पदाधिकारी को अस्थायी अग्रिम के रूप में बाट देने के आरोप के लिए उन्हें निलंबित कर असैनिक सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया । तदनुसार श्री केशरी को विभागीय अधिसूचना सं0–51 दिनांक 24.8.95 द्वारा निलंबित करते हुए विभागीय संकल्प ज्ञापांक 1463 दिनांक 12.9.95 द्वारा विभागीय कार्यवाही चलायी गयी। अपरिहार्य कारणवश श्री केशरी के सेवाकाल में विभागीय कार्यवाही का निष्पादन नहीं हो सका तथा वे दिनांक 31.5.2000 को सेवानिवृत हो गये। अतः सरकार द्वारा विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी के अन्तर्गत जारी रखा गया। विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप मुक्त करने के अनुशंसा की गयी तथा अंकित किया गया था कि आरोपित पदाधिकारी द्वारा जो भी व्यय किये गये है वह स्वीकृत प्राक्कलित राशि के अन्तर्गत है। समर्पित जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार स्तर पर की गयी। सरकार ने समीक्षोपरान्त जॉच पदाधिकारी के मत से असहमत होते हुए 11.88 लाख रूपये जिसका कैश बुक एवं एम0बी0 उपलब्ध है, में 8.96 लाख रूपये हस्त रसीद के माध्यम से खर्च किये जाने के विन्दु पर विभागीय पत्रांक 2092 दिनांक 19.11.2001 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी तथा द्वितीय कारण पृच्छा के क्रम में दिये गये जबाव की समीक्षोपरान्त 8.96 लाख रूपये हस्त रसीद के माध्यम से खर्च किये जाने के आरोप के लिए विभागीय आदेश सं.–39 सह पठित ज्ञापांक–171 दिनांक 20.2.2002 द्वारा निम्न दण्ड संसूचित किया गयाः–

(1) बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के अन्तर्गत 75 प्रतिशत पेंशन पर एक वर्षो तक रोक एवं

(2) निलंबन अवधि में निलंबन भत्ता के अतिरिक्त कुछ देय नहीं परन्तु उक्त अवधि की गणना पेंशन प्रयोजनार्थ की जायेगी एवं वेतनवृद्वि देय होगा।

उक्त विभागीय आदेश के विरूद्व श्री केशरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में सी0डब्लू0जे0सी0सं0 30/05 केदार प्रसार केशरी बनाम राज्य सरकार एवं अन्य दायर की गयी जिसमें दिनांक 3.12.07 को पारित न्यायादेश में द्वितीय कारण पृच्छा एवं दण्डादेश को निरस्त करते हुए प्रतिवादी अगर चाहे तो तीन माह में पुनः विभागीय कार्यवाही चलाकर निष्पादित करने का निदेश दिया गया साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि उक्त निर्धारित अवधि के भीतर विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होती है, तो वह बन्द समझा जायेगा।

उक्त न्यायादेश जो सर्व प्रथम विभाग में दिनांक 7.1.08 को प्राप्त हुआ के समीक्षोपरान्त विधि विभाग को परामर्श हेतु दिनांक 21.1.08 को संचिका पृष्टांकित की गयी परन्तु विधि विभाग द्वारा संचिका दिनांक 25.1.08 को परामर्श के विन्दु गठित कर भेजने हेतु वापस की गई परामर्श के बिंदु गठित करते हुए विधि विभाग को पुनः संचिका दिनांक 31.1.08 को पृष्टांकित की गयी। विधि विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पुनः कार्यवाही की छुट के तहत पुनः कारवाई नियमानुसार करने के निदेश के साथ दिनांक 6.3.08 को वापस की गयी।

विधि विभाग के परामर्श के आलोक में विभागीय कार्यवाही विभागीय संकल्प 317 दिनांक 22.4.08 द्वारा प्रारम्भ की गयी। साथ ही न्यायादेश के आलोक में विभागीय अधिसूचना 926 दिनांक 19.11.08 द्वारा विभागीय आदेश 39 सह पठित ज्ञापांक–171 दिनांक 20.2.02 एवं विभागीय पत्रांक 2092 दिनांक 14.11.01 को निरस्त किया गया। विभागीय कार्यवाही की जॉच प्रतिवेदन अप्राप्त रहने की स्थिति में विभागीय पत्रांक–844 दिनांक 31.10.08 द्वारा संचालन पदाधिकारी को जॉच प्रतिवेदन अविलम्ब उपलबध कराने हेतु अनुरोध किया गया तथा वादी श्री केशरी को अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया जिसके क्रम में श्री केशरी ने दिनांक 15.11.08 को अभ्यावेदन समर्पित किया तथा इसी बीच श्री केशरी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय पटना में एम0 जे0 सी0...../08 भी दायर किया गया।

श्री केशरी द्वारा समर्पित अभ्यावेदन के समीक्षा के क्रम में पाया गया किः–

(1) माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में वादी द्वारा दिनांक 7.1.08 को समर्पित न्यायादेश एवं अभ्यावेदन के आलोक में दिनांक 7.4.08 तक विभागीय कार्यवाही समाप्त हो जानी चाहिए थी परन्तु प्रक्रियात्मक विलंब के फलस्वरूप विभागीय कार्यवाही ही दिनांक 22.4.08 को प्रारम्भ की गयी जो न्यायालय के निर्धारित समय सीमा के बाहर है।

(2) माननीय उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी निदेशित किया है कि अगर तीन माह के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होती है तो वर्ष 1987–88 का आरोप होने के कारण विभागीय कार्यवाही बन्द समझा जायेगा और विभाग वादी के विरूद्व अग्रेतर कारवाई नहीं कर सकेगा।

(3) श्री केशरी के विरूद्व वित्तीय गबन से संबंधित आरोप नहीं है, बल्कि हस्त रसीद से राशि अग्रिम देने का मामला है, जो वित्तीय वर्ष में समायोजित भी हो गया है, के आधार पर संचालन पदाधिकारी द्वारा आरोप मुक्त करने का मंतव्य दिया गया था।

उपर्युक्त परिपेक्षय में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के निर्धारित समय के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं होने में प्रक्रियात्मक विलंब के फलस्वरूप वादी श्री केशरी द्वारा दायर अवमाननावाद को ध्यान में रखते हुए माननीय उच्च न्यायालय के आदेश अनुपालन में वादी (श्री केशरी) के विरूद्व विभागीय संकल्प ज्ञापांक 317 दिनांक 22.04.08 द्वारा बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के तहत प्रारम्भ की गयी विभागीय कार्यवाही को विभागीय अधिसूचना सं0–63 दि0–13.02.09 द्वारा समाप्त किया गया।

श्री केशरी, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति सेवा निवृत द्वारा विभागीय अधिसूचना–63 दि0–13.02.09 के क्रम में दि0–03.03.09 को अभ्यावेदन समर्पित किया गया। समीक्षोपरान्त निर्णय लिया गया कि यद्वपि विभागीय अधिसूचना 926 दि0–19.11.08 द्वारा विभागीय दंडादेश 39 दि0–20.02.02 निरस्त किया जा चुका है तथा अधिसूचना सं0–63 दि0–13.02.09 द्वारा विभागीय कार्यवाही समाप्त की जा चुकी है, इसलिए विभागीय अधिसूचना सं0–51 दि0–24.08.95 जिसके द्वारा श्री केशरी को निलंबित किया गया था, को निरस्त करते हुए निलंबन अवधि का वेतन भुगतान किया जाए।

अतः उक्त निर्णय के आलोक में विभागीय अधिसूचना सं0–51 दि0–24.08.95 को निरस्त किया जाता है तथा श्री केदार प्रसाद केशरी तत्कालीन कार्यपालक अभियंता सम्प्रति सेवानिवृत को निलंबन अवधि का पूर्ण वेतन देय होगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

25 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0/(दर0)–16–13/2007/190––श्री गंगा प्रसाद, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, रूपांकण अंचल दरभंगा जो मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग, दरभंगा के अतिरिक्त प्रभार में थे, को दरभंगा के पदस्थापन अवधि में पश्चिमी कोशी नहर परियोजना के अन्तर्गत कार्यो के लिए प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के अनुरूप सही ढ़ंग से कार्यान्वयन नहीं करने, बिना प्रशासनिक स्वीकृति के कार्य कराने एवं अनुचित इरादों से संवेदक को लाभ पहुँचाने तथा निविदा में जालसाजी, हेराफेरी करने तथा विभागीय निदेशों की अवहेलना करने इत्यादि कतिपय अनियमितताओं के लिए सरकार द्वारा निलंबित कर

विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया गया। सरकार के उक्त निर्णय के आलोक में श्री प्रसाद को विभागीय अधिसूचना सं0–456 दिनांक 7.5.07 द्वारा निलंबित किया गया एवं विभागीय संकल्प ज्ञापांक–959 दिनांक 10.10.07 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम 17 के तहत विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

विभागीय कार्यवाही के निष्पादन के क्रम में श्री प्रसाद निलम्बनावस्था में ही दिनांक 31.12.08 को सेवानिवृत हो गये। तदुपरान्त मामले की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गई। सम्यक समीक्षोपरान्त श्री प्रसाद को सेवानिवृत होने की तिथि 31.12.08 से निलम्बन मुक्त करते हुए इनके विरूद्व चल रही विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43बी0 में परिवर्तित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है।

उक्त निर्णय के आलोक में श्री गंगा प्रसाद, तत्कालीन मुख्य अभियन्ता, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को उनकी सेवानिवृति की तिथि 31.12.08 के प्रभाव से निलम्बन मुक्त करते हुए इनके विरूद्व पूर्व से चल रही विभागीय कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी0 में परिवर्तित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कृष्ण कुमार प्रसाद,
सरकार के उपसचिव

---

27 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0(भाग0)–09–01/2004/201––श्री मिथिलेश कुमार सिन्हा, तत्कालीन अधीक्षण अभियन्ता, सिंचाई अंचल, खड़गपुर के विरूद्व वर्ष 2000 में खड़गपुर झील के दक्षिणी डाईक के टुटान से संबंधित आरोपों के लिए मुख्य अभियन्ता, जल संसाधान विभाग, भागलपुर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय संकल्प ज्ञापांक–562 दिनांक 21.05.2001 द्वारा सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत आरोप गठित करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

2. विभागीय कार्यवाही के संचालन पदाधिकारी सह अधीक्षण अभियन्ता योजना मोनेटरिंग अंचल–2, पटना के पत्रांक–1088 दिनांक 20.5.2002 से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी किन्तु अंतिम रूप से निर्णय होने के पूर्व ही श्री सिन्हा दिनांक 31.1. 2002 को सेवानिवृत हो गये। श्री सिन्हा के सेवानिवृत होने के उपरान्त उनके विरूद्व सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत संचालित कार्यवाही को बिहार पेंशन नियमावली के नियम 43 बी0 के तहत परिवर्तित करते हुए विभागीय आदेश सं0–68 ज्ञापांक–528 दिनांक 26.05.2005 द्वारा कार्यवाही को जारी रखा गया।

3. बिहार पेंशन नियमावली के नियम–43 बी0 के तहत श्री सिन्हा से विभागीय पत्रांक–529 दिनांक 26.05.2005 द्वारा द्वितीय कारण पृच्छा की गयी एवं श्री सिन्हा से प्राप्त द्वितीय कारण पृच्छा के जबाब की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री सिन्हा, सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता के विरूद्व ''एक वर्ष के लिये पॉच प्रतिशत पेंशन पर रोक'' दण्ड देने का निर्णय लिया गया।

4. श्री सिन्हा के विरूद्व उक्त प्रस्तावित दण्ड पर बिहार लोक सेवा आयोग के पत्रांक–3482 दिनांक 17.12. 2008 द्वारा सहमति प्राप्त है।

5. बिहार लोक सेवा आयोग की सहमति के उपरान्त श्री सिन्हा के विरूद्व उक्त दण्ड प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है मंत्रिपरिषद की स्वीकृति के उपरान्त श्री मिथिलेश कुमार सिन्हा सेवानिवृत अधीक्षण अभियन्ता को ''एक वर्ष के लिये पॉच प्रतिशत पेंशन पर रोक'' का दण्ड संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

27 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0/(भाग0)–09–07/2006/202––सिंचाई पमण्डल, सिकन्दरा में वर्ष 2006–07 के दौरान हुई वित्तीय अनियमितता के संबंध में श्री अलख निरंजन कुंवर, तत्कालीन प्रमण्डलीय रोकड़पाल, सिंचाई प्रमण्डल, सिकन्दरा से प्राप्त परिवाद की जॉच विभागीय उड़नदस्ता द्वारा दिनांक 4.6.2006 को करायी गयी।

उड़नदस्ता से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त श्री विश्वानाथ प्रसाद सिन्हा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, सिकन्दरा के विरूद्व कतिपय आरोपों यथा प्रमण्डलीय कार्यालय में बिना संचिका के माध्यम से कार्य सम्पन्न कराने, माप पुस्त भ्रमण पंजी, सी0 एण्ड पी0 पंजी, चेक निर्गत पंजी, विपत्र पारित पंजी, संचिका आदि का संधारण नहीं किये जाने, अधीनस्थों से सौहार्द्रपूर्ण संबंध नहीं रखने आदि प्रमाणित पाये गये।

उक्त प्रमाणित आरोपों के लिये श्री सिन्हा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता से विभागीय पत्रांक–1141 दिनांक 6.11.2006 द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया।

श्री सिन्हा से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री सिन्हा द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं संलग्न साक्ष्यों के आधार पर उनके स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए आरोप मुक्त करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय श्री सिन्हा, तत्कालीन कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, सिकन्दरा को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

27 मार्च 2009

सं० 22 / नि0सि0(भाग0)–09–02 / 01 / 203––अधिसूचना सं0–29, ज्ञापांक–29 दिनांक 16.01.2009 जो श्री सत्येन्द्र कमार, तत्कालीन सहायक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल सं0–1, लक्ष्मीपुर को संसूचित है, के कंडिका ''2'' में अंकित ''श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री उपेन्द्र, तत्कालीन सहायक अभियन्ता को निम्नांकित दण्ड देने का निर्णय लिया गया है'' के स्थान पर ''श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी एवं समीक्षोपरान्त सरकार द्वारा श्री कुमार, तत्कालीन सहायक अभियन्ता को निम्नांकित दण्ड देने का निर्णय लिया गया है'' पढ़ा जाय।

शेष यथावत् रहेगा।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

---

27 मार्च 2009

सं० 22 नि0 सि0(यॉ0)–04–07 / 2004 / 204––श्री विनय मोहन, तत्कालीन सहायक अभियन्ता (यॉ0) सिंचाई यांत्रिक कर्मशाला अनुमण्डल, डिहरी द्वारा कार्यपालक अभियन्ता, श्री पी0 एन0 पंडित के साथ मारपीट करने के आरोप के लिए विभागीय संकल्प सं0–1138 दिनांक 2.8.2000 द्वारा बिहार असैनिक सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम–55 के तहत विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी। विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षा सरकार के स्तर पर की गयी।

सम्यक विचारोपरान्त सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि चूँकि श्री विनय मोहन को सेवा निवृति दिनांक 31.01.2008 से ही बर्खास्तगी के समतुल्य पूर्ण पेंशन एवं उपादान पर सदा के लिए रोक का दण्ड लघु सिंचाई विभाग के आदेश सं0–211 सह ज्ञापांक–4259 दिनांक 5.8.2008 द्वारा दिया गया है, इसलिए अब पुनः श्री मोहन पर किसी प्रकार का दण्ड निरूपित करने का औचित्य नहीं है।

उक्त निर्णय श्री विनय मोहन, तत्कालीन सहायक अभियन्ता (यॉ0) सिंचाई यांत्रिक कर्मशाला अनुमंडल, डिहरी को संसूचित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से
शशि भूषण तिवारी,
सरकार के उपसचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,

बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।

बिहार गजट का पूरक (अ0) 5—571+10-डी0टी0पी0।